वस्तुनिष्ठ

सामान्य ज्ञान

GENERAL KNOWLEDGE

भौतिक, जीव एवं रसायन विज्ञान

1000+ MCQs

– प्रसून कुमार



संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, भारतीय मिलिट्री अकादमी (देहरादून), राष्ट्रीय ग्रामीण छात्रवृत्ति एवं अन्य सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

वस्तुनिष्ठ

सामान्य ज्ञान

भौतिक, जीव एवं रसायन विज्ञान

सिविल सर्विस (केन्द्र एवं राज्य), स्टॉफ सलेक्शन कमीशन (SSC), इन्स्टीच्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (IBPS), मैनेजमेंट एप्टीच्यूट टेस्ट (MAT), कॉमन एडमिशन टेस्ट (CAT), रेलवे रिक्रूटमेंट सर्विसेज एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी।

लेखक
प्रसून कुमार

वी एण्ड एस पब्लिशर्स

प्रकाशक



वी एण्ड एस पब्लिशर्स

F-2/16, अंसारी रोड, दरियागंज, नयी दिल्ली-110002
☎ 23240026, 23240027 • *फैक्स:* 011-23240028
E-mail: info@vspublishers.com • *Website:* www.vspublishers.com

शाखा: हैदराबाद
5-1-707/1, ब्रिज भवन (सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया लेन के पास)
बैंक स्ट्रीट, कोटी, हैदराबाद - 500 095
☎ 040-24737290
E-mail: vspublishershyd@gmail.com

शाखा : मुम्बई
जयवंत इंडस्ट्रिअल इस्टेट, 1st फ्लोर-108, तारदेव रोड
अपोजिट सोबो सेन्ट्रल, मुम्बई - 400 034
☎ 022-23510736
E-mail: vspublishersmum@gmail.com

फ़ॉलो करें:   

© **कॉपीराइट:** वी एण्ड एस पब्लिशर्स

ISBN 978-93-505798-5-5

DISCLAIMER

इस पुस्तक में सटीक समय पर जानकारी उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया गया है। पुस्तक में संभावित त्रुटियों के लिए लेखक और प्रकाशक किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे। पुस्तक में प्रदान की गयी पाठ्य सामग्रियों की व्यापकता या सम्पूर्णता के लिए लेखक या प्रकाशक किसी प्रकार की वारंटी नहीं देते हैं।

पुस्तक में प्रदान की गयी सभी सामग्रियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन के तहत सरल बनाया गया है। किसी भी प्रकार के उद्धरण या अतिरिक्त जानकारी के स्रोत के रूप में किसी संगठन या वेबसाइट के उल्लेखों का लेखक या प्रकाशक समर्थन नहीं करता है। यह भी संभव है कि पुस्तक के प्रकाशन के दौरान उद्धृत बेवसाइट हटा दी गयी हो।

इस पुस्तक में उल्लिखित विशेषज्ञ के राय का उपयोग करने का परिणाम लेखक और प्रकाशक के नियंत्रण से हटकर पाठक की परिस्थितियों और कारकों पर पूरी तरह निर्भर करेगा।

पुस्तक में दिये गये विचारों को आजमाने से पूर्व किसी विशेषज्ञ से सलाह लेना आवश्यक है। पाठक पुस्तक को पढ़ने से उत्पन्न कारकों के लिए पाठक स्वयं पूर्ण रूप से जिम्मेदार समझा जायेगा।

उचित मार्गदर्शन के लिए पुस्तक को माता-पिता एवं अभिभावक की निगरानी में पढ़ने की सलाह दी जाती है। इस पुस्तक के खरीददार स्वयं इसमें दिये गये सामग्रियों और जानकारी के उपयोग के लिए सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं।

इस पुस्तक की सम्पूर्ण सामग्री का कॉपीराइट लेखक/प्रकाशक के पास रहेगा। कवर डिजाइन, टेक्स्ट या चित्रों का किसी भी प्रकार का उल्लंघन किसी इकाई द्वारा किसी भी रूप में कानूनी कार्रवाई को आमंत्रित करेगा और इसके परिणामों के लिए जिम्मेदार समझा जायेगा।

प्रकाशकीय

एक उत्कृष्ट प्रकाशक के तौर पर देश भर में प्रसिद्धि प्राप्त करने के पश्चात् **'वी एण्ड एस पब्लिशर्स'** ने विशेष रूप से ओलम्पियाड एवं अकादमिक परीक्षाओं में शामिल होने जा रहे छात्रों के लिए 'ओलम्पियाड शृंखला' की पुस्तकें प्रकाशित करने का निश्चय किया।

वर्ष 2015 में हमने पहली बार विज्ञान, गणित, अंग्रेजी तथा कम्प्यूटर सम्बन्धित ओलम्पियाड पुस्तकों का सफलतापूर्वक प्रकाशन किया। इन पुस्तकों को देशभर के छात्रों से भरपूर सराहना मिली तथा उनके शिक्षकों और अभिभावकों से भी प्रशंसा भरे अनेक संदेश प्राप्त हुए। इस सफलता से उत्साहित होकर हमने निश्चय किया कि हमें इस प्रकार की अकादमिक पुस्तकों का प्रकाशन निरंतर जारी रखना चाहिए। इसी सिलसिले को जारी रखते हुए हमने शीर्ष प्रतियोगिता परीक्षाओं में छात्रों की सफलता हेतु इस बार **'वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान भौतिक, जीव और रसायन विज्ञान'** पुस्तक प्रकाशित किया है।

इस पुस्तक में हमने उच्च शिक्षा तथा सरकारी सेवाओं में जाने वाले उत्साही छात्रों के लिए उन सभी संभावित प्रश्नों को सम्मिलित किया, जो इन परीक्षाओं में अकसर पूछे जाते हैं।

इस पुस्तक में इतिहास (भारत एवं विश्व), भूगोल (भारत एवं विश्व), भारतीय राजव्यवस्था एवं भारतीय अर्थव्यवस्था, सामान्य ज्ञान, कम्प्यूटर, सूचना एवं तकनीक तथा विविध आदि विषयों से 1000 चुने गये प्रश्नों का संकलन किया गया है।

सिविल सर्विस (केन्द्र एवं राज्य), स्टॉफ सलेक्शन कमीशन (SSC), इन्स्टीच्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (IBPS), डिफेंस सर्विसेज (CDSE, NDA), मैनेजमेंट एप्टीच्यूट टेस्ट (MAT), कॉमन एडमिशन टेस्ट (CAT), रेलवे रिक्रूटमेंट सर्विसेज तथा अन्य उच्च स्तरीय परीक्षाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी है।

यूँ तो बाजार में सामान्य ज्ञान की कई पुस्तकें उपलब्ध हैं। इन पुस्तकों के साथ एक मुख्य समस्या यह है कि कुछ अंतराल के पश्चात् इन पुस्तकों के पाठ्यक्रम में बदलाव करना आवश्यक हो जाता है। इस समस्या के निदान के लिए हमने प्रस्तुत पुस्तक में विषयों का संकलन कुछ इस प्रकार किया है, जिससे छात्रों को इसके पाठ्यक्रय में शीघ्र बदलाव की आवश्यकता महसूस नहीं हो। इस योजना के तहत पुस्तक में समसामियकी (करेंट अफेयर्स) का चयन नहीं किया गया है। हमें आशा है कि छात्र एवं शिक्षक इस पुस्तक की व्यापक उपयोगिता को देखते हुए इसे सहर्ष अपनायेंगे। छात्रों से अनुरोध है कि प्रश्नों को हल करने के पश्चात् यदि उन्हें पुस्तक में कोई त्रुटि दिखायी दे तो इसकी सूचना हमारे ईमेल पर अवश्य दें, जिससे भविष्य में पुस्तक को और अधिक उपयोगी बनाया जा सके।

भौतिक विज्ञान

1. किसी भौतिक राशि का परिमाण–
   (a) मापन की पद्धति पर निर्भर नहीं करता
   (b) मापन की पद्धति पर निर्भर करता है
   (c) मूल मात्रकों, द्रव्यमान, लम्बाई तथा समय के अनुक्रमानुपाती होता है
   (d) SI पद्धति में CGS पद्धति से अधिक होता है
2. निम्नलिखित में से किसका मात्रक एक व्युत्पन्न मात्रक है?
   (a) वेग (b) लम्बाई
   (c) समय (d) द्रव्यमान
3. न्यूटन × सेकंड निम्नलिखित का मात्रक है–
   (a) वेग (b) ऊर्जा
   (c) कोणीय संवेग (d) संवेग
4. यदि लम्बाई तथा बल के मात्रक चार गुना कर दिये जायें, तो ऊर्जा का मात्रक हो जायेगा–
   (a) 8 गुना (b) 4 गुना
   (c) 16 गुना (d) 32 गुना
5. ज्योति फ्लक्स का मात्रक है–
   (a) ल्यूमेन (b) लक्स
   (c) पौंड (d) फुट पाउंड
6. हीरे, कांच और पानी में प्रकाश का वेग निम्न क्रम से घटता है–
   (a) हीरा > कांच > पानी
   (b) हीरा > पानी > कांच
   (c) पानी > कांच > हीरा
   (d) पानी > हीरा > कांच
7. यदि प्रक्षेप्य के वेग को दोगुना कर दिया जाये, तो अधिकतम परास-
   (a) आधा हो जायेगा
   (b) चार गुना हो जायेगा
   (c) वही रहेगा
   (d) दोगुना हो जायेगा
8. एक प्रक्षेप्य का उड्डयन काल t_1 तथा अधिकतम ऊँचाई तक पहुँचने का उड्डयन काल t_2 है, तब निम्न में से सही सम्बन्ध है–
   (a) $t_2 = 3t_1$ (b) $t_1 = t_2$
   (c) $t_1 = 2t_2$ (d) $t_2 = 2t_1$
9. एक गेंद को क्षैतिज से किस कोण पर फेंके कि वह अधिकतम क्षैतिज दूरी तय करें?
   (a) 45° (b) 90°
   (c) 0° (d) 30°
10. प्रक्षेप्य का पथ होता है–
   (a) कोई भी वक्र पथ
   (b) परवलय
   (c) वृत्त
   (d) सरल रेखा
11. क्षैतिज वृत्त में नियत चाल से गतिशील वस्तु के लिए नियत है–
   (a) गतिज ऊर्जा
   (b) वेग और त्वरण दोनों
   (c) वेग
   (d) त्वरण
12. किसी घड़ी की सेकंड सुई का कोणीय वेग है–
   (a) 30 रेडियन/सेकंड
   (b) r/30 रेडियन/सेकंड
   (c) 2r रेडियन/सेकंड
   (d) 60 रेडियन/सेकंड
13. वायु में घर्षण को नगण्य मानते हुए एक प्रक्षेप्य का उड्डयन काल केवल निम्नलिखित से निर्धारित होता है–
   (a) प्रारम्भिक वेग में क्षैतिज घटक का मान
   (b) प्रारम्भिक वेग का परिमाण
   (c) प्रारम्भिक वेग के ऊर्ध्वाधर घटक का मान
   (d) इनमें से कोई नहीं
14. किसी लोलक को यदि द्रव से भरे बर्तन में लटका दिया जाये, तो–
   (a) लोलक पहले की तरह गतिमान रहेगा
   (b) लोलक थोड़ी देर बाद रुक जायेगा
   (c) लोलक काफी समय तक दोलन करता रहेगा
   (d) इनमें से कोई नहीं

15. एक गोली 8 मीटर प्रति सेकंड के वेग से क्षैतिज में दागी गयी। प्रथम सेकंड में वह–
(a) 5 मीटर गिरती है
(b) 1 मीटर से कम गिरती है
(c) 10 मीटर गिरती है
(d) बिल्कुल नहीं गिरती

16. सीमांत घर्षण निर्भर करता है–
(a) तल की प्रकृत्ति पर
(b) तल की प्रकृत्ति और अभिलम्ब प्रतिक्रिया पर
(c) अभिलम्ब प्रतिक्रिया पर
(d) तल के क्षेत्रफल पर

17. घर्षण कार्य करता है–
(a) गति की विपरीत दिशा में
(b) गति की दिशा में
(c) कभी गति की दिशा में, तो कभी विपरीत दिशा में
(d) इनमें से कोई नहीं

18. प्रकाश का शून्यावकाश में वेग अनुमानत: है–
(a) 3×10^{10} मीटर/सेकंड
(b) 3×10^{8} किमी०/सेकंड
(c) 3×10^{8} मीटर/सेकंड
(d) 3×10^{8} प्रकाश वर्ष

19. आंतों के रोगी के निदान में निम्नलिखित किरणों का उपयोग किया जाता है–
(a) X–किरण (b) β–किरण
(c) α–किरण (d) γ–किरण

20. फ्यूज का सिद्धान्त है–
(a) विद्युत् का रासायनिक प्रभाव
(b) विद्युत् का यान्त्रिक प्रभाव
(c) विद्युत् का ऊष्मीय प्रभाव
(d) विद्युत् का चुम्बकीय प्रभाव

21. परमाणु के नाभि में निम्नलिखित कण होते हैं–
(a) प्रोटॉन एवं न्यूट्रॉन
(b) इलेक्ट्रॉन एवं α कण
(c) प्रोटॉन एवं इलेक्ट्रॉन
(d) इलेक्ट्रॉन एवं न्यूट्रॉन

22. दूरदृष्टि निवारण के लिए काम में लेते हैं–
(a) उत्तल लेन्स (b) उत्तल दर्पण
(c) अवतल लेन्स (d) अवतल दर्पण

23. दोपहर 12 बजे किस दिशा में इन्द्रधनुष दिखाई देता है–
(a) पश्चिम में
(b) दक्षिण में
(c) पूर्व में
(d) यह नहीं देख सकते

24. दाढ़ी बनाने के लिए काम में लेते हैं–
(a) अवतल दर्पण
(b) समतल दर्पण
(c) उत्तल दर्पण
(d) इनमें से कोई नहीं

25. ध्वनि का वायु में वेग अनुमानत: है–
(a) 10 किमी०/सेकंड
(b) 10 मील/मिनट
(c) 330 मीटर/सेकंड
(d) 3×10^{10} सेमी/सेकंड

26. एक पीकोग्राम बराबर होता है–
(a) 10^{-6} ग्राम के (b) 10^{-9} ग्राम के
(c) 10^{-12} ग्राम के (d) 10^{-15} ग्राम के

27. सर सी०वी० रमण को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था–
(a) 1928 में (b) 1930 में
(c) 1932 में (d) 1950 में

28. परमाणु नाभिक के अवयव हैं–
(a) इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन
(b) इलेक्ट्रॉन और न्यूट्रॉन
(c) प्रोटॉन और न्यूट्रॉन
(d) प्रोटॉन, न्यूट्रॉन और इलेक्ट्रॉन

29. निम्नलिखित में से कौन वैकल्पिक ऊर्जा का सबसे बड़ा संग्रहगार है?
(a) सौर ऊर्जा
(b) ज्वारीय ऊर्जा
(c) परमाणु ऊर्जा
(d) भू-ऊष्मीय ऊर्जा

30. बिजली की खपत का बिल किसके मापन पर आधारित होता है?
1. वाट 2. वोल्टेज
3. ओम 4. ऐम्पियर
निम्नलिखित कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए–

(a) केवल 1 (b) 1 एवं 2
(c) 2 एवं 3 (d) 1 एवं 4

31. समुद्र नीला प्रतीत होता है–
(a) अधिक गहराई के कारण
(b) आकाश के परावर्तन तथा जल के कणों द्वारा प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण
(c) जल के नीले रंग के कारण
(d) जल की ऊपरी सतह के कारण

32. रेडियोधर्मी पदार्थ उत्सर्जित करता है–
(a) अल्फा कण (b) बीटा कण
(c) गामा कण (d) उपर्युक्त सभी

33. डायनेमो–
(a) विद्युत ऊर्जा को गतिज ऊर्जा में बदलता है
(b) यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है
(c) विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में परिवर्तित करता है
(d) यांत्रिक ऊर्जा उत्पन्न करता है

34. आकाश नीला लगता है, क्योंकि–
(a) सूर्य के प्रकाश में नीला रंग और रंगों से अधिक है
(b) लघु तरंग दीर्घ तरंगों की अपेक्षा वायुमंडल द्वारा अधिक प्रकीर्ण होती है
(c) नीला रंग नेत्र को अधिक सुग्राही है
(d) वायुमंडल दीर्घ तरंग दैर्ध्य की अपेक्षा अधिक अवशोषित करती है

35. एक माइक्रॉन बराबर होता है–
(a) 1/10 मिलीमीटर
(b) 1/100 मिलीमीटर
(c) 1/1000 मिलीमीटर
(d) 1/10000 मिलीमीटर

36. निम्न में से कौन-सी तरंगें ध्रुवित नहीं की जा सकती हैं?
(a) रेडियो तरंगें (b) ध्वनि तरंगें
(c) चुम्बकीय तरंगें (d) वायु तरंगें

37. एक मेगावाट घंटा कितने के बराबर होता है?
(a) 3.6×10^{9} जूल
(b) 3.6×10^{12} जूल
(c) 3.6×10^{15} जूल
(d) 3.6×10^{20} जूल

38. श्यानता का S.I. मात्रक किसके तुल्य है?
(a) पॉइज की 1/9.8 गुनी
(b) पॉइज के बराबर
(c) पॉइज की 9.8 गुनी
(d) पॉइज की 10 गुनी

39. एक द्रव का पृष्ठ तनाव 70 डाइन/सेमी० है। M.K.S. पद्धति में इसे व्यक्त किया जा सकता है–
(a) 7×10^{-2} न्यूटन/मीटर
(b) 7×10^{2} न्यूटन/मीटर
(c) 70 न्यूटन/मीटर
(d) 7×10^{3} न्यूटन/मीटर

40. प्रक्षेप पथ के उच्चतम बिन्दु पर प्रक्षेप्य की चाल होती है–
(a) न्यूनतम
(b) प्रारम्भिक चाल के बराबर
(c) शून्य
(d) इनमें से कोई नहीं

41. अभिकेन्द्र बल सदैव कार्य करता है–
(a) परिमाण परिवर्ती किन्तु दिशा अपरिवर्तित
(b) केन्द्र की ओर त्रिज्या के अनुदिश
(c) केन्द्र से दूर त्रिज्या के अनुदिश
(d) इनमें से कोई नहीं

42. द्रव की सतह पर उस द्रव के वाष्प द्वारा आरोपित दाब कहलाता है–
(a) पृष्ठ तनाव (b) वाष्प दाब
(c) श्यानता (d) परम शून्य दाब

43. क्रोनोमीटर का प्रयोग किया जाता है–
(a) जलयानों में (b) वायुयानों में
(c) दूरदर्शी में (d) रेडियो में

44. यदि किसी गोले की त्रिज्या के मापन में 1% की त्रुटि आती है, तो आयतन में त्रुटि होगी–
(a) 1% (b) 3%
(c) 5% (d) 8%

45. निम्न से कौन-सा वाट के तुल्य नहीं है–
(a) जूल/सेकंड
(b) एम्पियर/वोल्ट
(c) एम्पियर × वोल्ट
(d) एम्पियर^2 × ओम

46. प्रकाश विकिरणों की प्रकृति होती है–
(a) तरंग के समान
(b) कण के समान
(c) तरंग एवं कण दोनों के समान
(d) तरंग एवं कण किसी के समान नहीं

47. सूर्य के प्रकाश को धरती की सतह पर पहुँचने में लगने वाला समय है लगभग–
(a) 4.2 सेकंड (b) 4.8 सेकंड
(c) 8.5 मिनट (d) 3.6 घंटे

48. अति चालक का लक्षण है–
(a) उच्च पारगम्यता
(b) निम्न पारगम्यता
(c) शून्य पारगम्यता
(d) अनंत पारगम्यता

49. वर्ष दीर्घतम होता है–
(a) प्लूटो पर (b) बृहस्पति पर
(c) नेप्च्यून पर (d) पृथ्वी पर

50. वर्षा की बूँद की गोलाकार आकृति का कारण है–
(a) द्रव का घनत्व
(b) पृष्ठ तनाव
(c) वायुमंडलीय दाब
(d) गुरुत्व

51. कमरे में रखे रेफ्रीजरेटर का दरवाजा खोलकर–
(a) आप कमरे में रखे रेफ्रीजरेटर का दरवाजा खोलकर
(b) आप इसको रेफ्रीजरेटर के तापमान तक ठंडा कर सकते हैं
(c) आप अंत: कमरे को थोड़ा गर्म कर सकते हैं
(d) आप कमरे को न तो गर्म, न ठण्डा कर सकते हैं

52. 'ओजोन परत' बताता है–
(a) अंटार्कटिका की वायुमण्डलीय स्थिति
(b) शनि ग्रह पर की गयी एक आधुनिक खोज
(c) पृथ्वी की सतह से लगभग 10-20 किमी० नीचे की परत
(d) पृथ्वी की सतह से लगभग 15-20 किलोमीटर ऊपर में वायुमंडल की परत

53. वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टीन प्रसिद्ध हैं–
(a) हाइड्रोजन की परमाणविक संरचना की व्याख्या के लिए
(b) प्रकाश विद्युत प्रभाव के लिए
(c) प्रथम नाभिकीय रिएक्टर बनाने के लिए
(d) न्यूट्रॉनों के अस्तित्व की भविष्यवाणी के लिए

54. शोध्रोत्पादी रिएक्टर है बिजली पैदा करने करने वाला एक नाभिकीय रिएक्टर, जो बिजली उत्पन्न करता है–
(a) विगलन प्रक्रिया के द्वारा
(b) सौर सेलों की सहायता से
(c) इसके द्वारा इस्तेमाल की गयी फिनाईल सामग्रियों को जलाने और उन्हें पुन: उत्पन्न करने के द्वारा
(d) कठोर जल का शोधक के रूप में उपयोग करके

55. पृथ्वी तक पहुँचने के लिए सूर्य से चला प्रकाश समय लेता है लगभग–
(a) 8 सेकंड (b) 1 मिनट
(c) 8 मिनट (d) 24 मिनट

56. भौतिक परिवर्तन का एक उदाहरण है–
(a) हवा में चांदी के बर्तनों का काला होना
(b) मोमबत्ती का जलना
(c) दूध से दही का बनना
(d) पानी में चीनी का घुलना

57. परमाणु ऊर्जा में भारतीय कार्यक्रम के जनक हैं–
(a) एस०ए० बोस
(b) एच०जे० भाभा
(c) एस० चन्द्रशेखर
(d) एस० एस० भटनागर

58. अंतरिक्ष विज्ञान पर अनुसंधान और विकास का श्रेय जाता है–
(a) वी० साराभाई को
(b) एस० एस० भटनागर को
(c) एस० जेड० कासिम को
(d) सी० वी० रमन को

59. भारत में जन्मे दो अमेरिकी नागरिक जिन्हें विज्ञान के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार

मिला है, थे–
(a) हरगोविन्द खुराना और सी०वी० रमन
(b) एस० चन्द्रशेखर और सी०वी० रमन
(c) सी० वी० रमन और एस० वी० रमन
(d) हरगोविन्द खुराना और एस० चन्द्रशेखर

60. सौर ऊर्जा निम्नलिखित में से किससे प्राप्त होती है?
(a) चन्द्रमा (b) समुद्र
(c) सूर्य (d) हवा

61. निम्न में से कौन-सा धातु अर्धचालक की तरह ट्रान्जिस्टर में प्रयोग होती है?
(a) ताँबा (b) जर्मेनियम
(c) ग्रेफाइट (d) चांदी

62. टरबाइन व डायनेमों से बिजली प्राप्त करने में किस ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करते हैं?
(a) रासायनिक ऊर्जा
(b) सौर ऊर्जा
(c) मेकेनिकल ऊर्जा
(d) मेगनेटिक ऊर्जा

63. पढ़ने में काम आने वाले शीशा किस प्रकार के लेन्स से बनते हैं?
(a) अवतल (b) उत्तल
(c) साधारण (d) a और b दोनों

64. निम्न धातुओं में से कौन सा धातु सामान्य ताप पर द्रव है?
(a) सीसा (b) पारा
(c) निकल (d) टीन

65. निम्न में से सबसे ठोस तत्त्व क्या है?
(a) हीरा (b) ग्लास
(c) क्वार्ट्ज (d) प्लेटिनम

66. निम्न में से कौन-सी धातु विद्युत बल्बों में फिलामेंट के रूप में प्रयोग होती है?
(a) लौह (b) मोलीबडेनम
(c) चांदी (d) टंग्स्टन

67. पदार्थ के संवेग और वेग के अनुपात से कौन-सी भौतिक राशि प्राप्त की जाती है?
(a) वेग (b) त्वरण
(c) द्रव्यमान (d) बल

68. बल का गुणनफल है–
(a) द्रव्यमान और वेग का
(b) द्रव्यमान और त्वरण का
(c) भारत और वेग का
(d) भार और त्वरण का

69. निम्नलिखित में कौन-सी राशि सदिश नहीं है?
(a) विस्थापन (b) वेग
(c) बल (d) आयतन

70. 1 किमी० दूरी का तात्पर्य है–
(a) 100 मीटर (b) 1000 सेंटीमीटर
(c) 1000 मीटर (d) 100 सेंटीमीटर

71. त्वरण ज्ञात करने का सही सूत्र कौन-सा है?
(a) $a = \frac{v-u}{t}$ (b) $a = u+vt$
(c) $a = \frac{v+u}{t}$ (d) $a = \frac{v+u}{2}$

72. दो उतरोत्तर शृंग अथवा दो उतरोत्तर गर्त के बीच की दूरी को क्या कहते हैं?
(a) आयाम
(b) तरंगदैर्ध्य
(c) आवृत्ति
(d) इनमें से कोई नहीं

73. निम्नलिखित में से किसमें ऋणात्मक आवेश होती है?
(a) *x*–किरण (b) अल्फा कण
(c) बीटा कण (d) गामा किरण

74. जिस तत्त्व के परमाणु में दो प्रोटॉन दो न्यूट्रॉन और दो इलेक्ट्रॉन हों, उस तत्त्व का द्रव्यमान–
(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 8

75. टेलीस्कोप की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
(a) न्यूटन (b) जेम्स वाट
(c) रदरफोर्ड (d) गैलिलियो

76. इस सदी की शुरुआत में हवाई जहाज का आविष्कार किसने किया था?
(a) राईट ब्रदर्स (b) जेम्स वाट
(c) हम्फ्री डेवी (d) वोन ब्राऊन

77. विद्युत् उत्पन्न करने के लिए कौन-सी धातु का उपयोग होता है?
(a) ताँबा (b) लोहा
(c) यूरेनियम (d) एल्यूमिनियम